Director Office
In | Out
Date 17.11.26 | Date 17.11.26
Time 11:00 | Time 12:30
No. 2189

कार्यवृत

विषय : मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की दिनांक 28 अक्टूबर, 2026 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं हिंदी सलाहकार समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति व हिंदी सलाहकार समिति की वर्ष 2026-27 की तृतीय तिमाही की संयुक्त बैठक दिनांक 28.10.2026 पूर्वाह्न 11.00 बजे, **प्रो. मनोज माधव गोरे, निदेशक (का.)**, के रूप में मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद, प्रयागराज की अध्यक्षता में संस्थान के सभागार में आयोजित की गई।

उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:-

1.	प्रो. मनोज माधव गोरे, निदेशक (का.) एवं अधिष्ठाता (आई.आर.जी.ए.)	-	अध्यक्ष
2.	प्रो. आशीष कुमार सिंह, अधिष्ठाता (छात्र कल्याण)	-	उपाध्यक्ष
3.	डा. अम्बक कुमार राय, कुलसचिव (का.) एवं केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी	-	सदस्य
4.	प्रो. शिवेश शर्मा, अधिष्ठाता (शोध एवं परामर्श)	-	सदस्य
5.	प्रो. विनय कुमार श्रीवास्तव, अधिष्ठाता (संकाय कल्याण)	-	सदस्य
6.	प्रो. नीरज त्यागी, अधिष्ठाता (शैक्षिक)	-	सदस्य
7.	डा. अजय भारती, विभागाध्यक्ष, प्रयुक्त यांत्रिकी विभाग द्वारा नामित	-	सदस्य
8.	डा. समीर श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष, जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं मुख्य संरक्षक द्वारा नामित	-	सदस्य
9.	प्रो. गौतम घोष, विभागाध्यक्ष, जानपद अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नामित	-	सदस्य
10.	डा. आनंद मोहन वर्मा, विभागाध्यक्ष, रसायनिक अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नामित	-	सदस्य
11.	प्रो. अनोज कुमार, विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर विज्ञान एवं अभि. विभाग द्वारा नामित	-	सदस्य
12.	डा. प्रत्यंचा प्रसाद, विभागाध्यक्ष, ई.सी.ई.डी. एवं मुख्य कुलानुशासक द्वारा नामित	-	सदस्य
13.	श्री राहुल उपाध्याय, विभागाध्यक्ष, विद्युत अभि. विभाग द्वारा नामित	-	सदस्य
14.	श्री मनीष कुमार, अध्यक्ष, भौगोलिक सूचना प्रणाली प्रकोष्ठ द्वारा नामित	-	सदस्य
15.	प्रो. प्रमोद कुमार यादव, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग	-	सदस्य
16.	प्रो. राजीव श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष, यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग	-	सदस्य
17.	प्रो. अनिमेष ओझा, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग	-	सदस्य
18.	डा. सोमेन डे, विभागाध्यक्ष, प्रबंध अध्ययन विभाग द्वारा नामित	-	सदस्य
19.	डा. इन्दू दोहरे, संगणक केन्द्र एवं छात्र क्रिया कलाप केन्द्र द्वारा नामित	-	सदस्य
20.	डा. दीपक अस्थाना, वरिष्ठ वैज्ञानिक/वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, यांत्रिकी कार्यशाला	-	सदस्य

21. डा. मोनिका प्रकाश राय, समन्यवक, राष्ट्रीय प्रत्यानयन मंडल - सदस्य
22. डा. अजय कुमार शर्मा, पुस्तकालयाध्यक्ष (का.) - सदस्य
23. श्री सत्यजीत कुमार, सहायक कुलसचिव (प्रशासन-I) - सदस्य
24. श्री सुमित, सहायक कुलसचिव (प्रशासन-III) द्वारा नामित - सदस्य
25. श्री निर्मल कुमार शुक्ल, व.अधि.अभि., विद्युत एवं सिविल निर्माण देख-रेख विभाग (का.) द्वारा नामित- सदस्य
26. श्री सौरभ सरोज, प्रभारी, प्रशिक्षण एवं नियोजन विभाग द्वारा नामित - सदस्य
27. श्री धीरेन्द्र सिंह, संकाय प्रभारी, अनौपचारिक एवं सतत शिक्षा स्कूल द्वारा नामित - सदस्य
28. मो. दानिश अंसारी, उप कुलसचिव (शैक्षिक) एवं (छात्र कल्याण) - सदस्य
29. श्री प्रमोद कुमार द्विवेदी, सहायक निदेशक (राजभाषा), राजभाषा प्रकोष्ठ - सदस्य सचिव

उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य कार्यालय अनुपस्थित रहेः-

1. अधिष्ठाता (योजना एवं विकास)
2. मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग
3. प्रशासन-II कार्यालय
4. लेखा अनुभाग

अध्यक्ष महोदय एवं सदस्यों के स्वागत उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में निम्न महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

मद सं. 1: पिछली बैठक दिनांक 21 जुलाई, 2026 के कार्यवृत्त की पुष्टि :-

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 21 जुलाई, 2026 को आयोजित की गई थी। बैठक की कार्यवृत्त अपेक्षित कार्यवाही के लिए समिति के समस्त सदस्यों को भेजा गया था। किसी भी सदस्य से कार्यवृत्त के संबंध में कोई टिप्पणी अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्व सम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

मद सं. 2: पिछली बैठक दिनांक 21.07.2026 के अनुरूप अनुवर्ती कार्यवाही :-

- मद सं. 1 के अनुसार पिछली कार्यवृत्ति की पुष्टि की गई।
- मद सं. 2 के अनुसार 90% से कम कार्य करने वाले कार्यालयों को शत प्रतिशत कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया बैठक में अनुपस्थित सदस्यों को आगामी बैठकों में उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु पत्र जारी किया गया ।
- मद सं. 3 के अनुसार तिमाही अक्टूबर से दिसम्बर, 2026 के दौरान कार्यशाला के आयोजन हेतु विभागाध्यक्ष, सूक्ष्मकणिका एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग को पत्र जारी किया गया।
- मद सं. 4 के अनुसार संस्थान में पखवाड़ा को हिंदी माह के रूप में सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया।

मद सं. 3: हिंदी राजभाषा के विकास पर चर्चा।

- अध्यक्ष महोदय द्वारा हिंदी के उत्थान के लिए विंटर वेकेशन में एक दिन का वर्कशाप (अनुवादिनी/Anuvadini एवं भाषिणी/Bhahini) भारत सरकार द्वारा संचालित अत्याधुनिक AI-आधारित भाषा अनुवाद प्लेटफॉर्म हैं) शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों हेतु कराने का दिशा-निर्देश दिया ।

- ❖ उपाध्यक्ष महोदय द्वारा राजभाषा हिंदी के उत्थान के लिए हिंदी टूल्स की प्रयोगशाला का आयोजन, संकाय सदस्यों, केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा क्रय की जाने वाली पुस्तकों को न्यूनतम 50 प्रतिशत पुस्तकें हिंदी भाषाई पुस्तक के लिए जोर दिया एवं तिमाही में पत्रों के प्रतिशत पर डेटा हेतु बैण्ड निर्धारण करने के लिए अपना प्रस्ताव रखा जिसको अध्यक्ष महोदय द्वारा आपसी समन्यवय से विचार करने पर बल दिया गया।
- ❖ प्रो. अनोज कुमार द्वारा राजभाषा नीति के नियमों के अनुसार सार्वजनिक स्थानों/ कार्यालयों में सभी नामपट्ट, सूचना पट्ट एवं डिस्प्ले बोर्ड को द्विभाषी करने हेतु प्रस्ताव रखा जिस पर समिति ने अपनी सहमति प्रदान की।
- ❖ सहायक कुलसचिव (प्रशासन-I) द्वारा जिन कार्यालयों द्वारा शत प्रतिशत कार्य किया जा रहा है उनके उत्साहवर्धन के लिए प्रशस्ति पत्र/प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु प्रस्ताव रखा जिस पर समिति ने अपनी सहमति प्रदान की।

मद सं. 4: आगामी तिमाही (जनवरी से मार्च, 2027) में हिंदी कार्यशाला आयोजित करने हेतु विभाग का चयन:-

- ❖ समिति ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि **आगामी तिमाही (जनवरी से मार्च, 2026)** के दौरान हिंदी कार्यशाला का आयोजन **भौगोलिक सूचना प्रणाली प्रकोष्ठ** द्वारा किया जाएगा तद्नुसार विभाग को सूचित किया जाए।
- ❖ वर्तमान तिमाही (अक्टूबर से दिसम्बर, 2026) के दौरान सूक्ष्मकणिका एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग द्वारा हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।

मद सं. 5: संस्थान के विभिन्न विभागों में पिछली तिमाही के दौरान हिंदी में किए गए कार्यों की समीक्षा :-

- ❖ अध्यक्ष महोदय की अनुमति से संस्थान की पिछली तिमाही के आंकड़ों की समीक्षा करते हुए सहायक निदेशक (राजभाषा) ने बताया कि हिंदी क्षेत्र में कार्यरत सभी केन्द्रीय कार्यालयों को 100% पत्राचार हिन्दी में करना अनिवार्य है। संस्थान द्वारा औसत रूप से 96% पत्राचार हिंदी में किया जा रहा है।
- ❖ आंकडों की समीक्षा के दौरान संस्थान के विभागों/अनुभागों का हिंदी में किये गये पत्राचार के प्रतिशत का व्यौरा निम्नलिखित है:-

पत्राचार का प्रतिशत	विभागों/अनुभागों की संख्या	संस्थान के सहायक निदेशक (राजभाषा) द्वारा जिन कार्यालयों में शत-प्रतिशत पत्राचार हो रहा है उन कार्यालयों की प्रशंसा की गई तत्क्रम में 9 कार्यालयों के पत्राचार के प्रतिशत में वृद्धि पायी गई एवं 5 कार्यालयों के पत्राचार के प्रतिशत में गिरावट पायी गई। 100 प्रतिशत से कम पत्राचार करने वाले विभागों के पदाधिकारियों से निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अनुरोध किया गया।
100%	19	
99-95%	13	
94 से कम%	5	

- ❖ सहायक निदेशक (राजभाषा) ने बताया कि वार्षिक कार्यक्रम वर्ष 2026-27 के अनुसार राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी में लिखी गयी हिंदी टिप्पणी हेतु 80% लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान तिमाही में संस्थान औसत रूप से 89% लक्ष्य प्राप्त कर लिया है, जिसमें 5 कार्यालयों की टिप्पणी शत-प्रतिशत है तथा जिन कार्यालयों के टिप्पणी का प्रतिशत निर्धारित लक्ष्य (80%) से कम है वो अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रयास करने की कृपा करें।

मद सं. 5: अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय :-

- प्रो. नीरज त्यागी महोदय द्वारा तिमाही रिपोर्ट के साथ आंकड़े सत्यापन हेतु प्रमाण पत्र पर विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर हेतु मंत्रालय द्वारा निर्गत पत्र की मांग की गई जिसको सहायक निदेशक (राजभाषा) द्वारा उपलब्ध कराया गया जिस पर समिति ने अपनी सहमति प्रदान की।
- बैठक की पूर्णता के क्रम में अध्यक्ष महोदय एवं संस्थान के सभी गणमान्य सदस्यों के प्रति धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

16.11.26

(प्रमोद कुमार द्विवेदी)
सहायक निदेशक (राजभाषा) एवं सदस्य सचिव

17.11.26

(मनोज माधव गोरे)
निदेशक (का.) एवं अध्यक्ष